# पचमढ़ी मानसून मैराथन आज

**देशभर से 1350 से अधिक धावक मैराथन में लेंगे हिस्सा**

भोपाल। पचमढ़ी में 23 जुलाई, रविवार को पचमढ़ी मानसून मैराथन का पाँचवां संस्करण होगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से 'एडवेंचर एंड यू' (के.ए. कने ट) यह मैराथन कर रहा है। नागपुर, मुंबई, नई दिल्ली, जयपुर, भोपाल और इंदौर सहित देशभर से प्रतिभागी शामिल होने के लिए पचमढ़ी पहुँच रहे हैं। मैराथन को देशभर से मिले अच्छे रिस्पॉन्स के कारण कुल 1350 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं। यह अब तक के संस्करणों में सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन है।

**4 श्रेणियों में होगी मैराथन-** मैराथन चार श्रेणियों- 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और 42 किलोमीटर में होगी। सभी दौड़ की शुरुआत एमपीटी ग्लेनव्यू से होगी। विजेताओं को सर्टिफिकेट, ट्रॉफी और मेडल दिए जाएंगे। यह दौड़ टाइ ड रन हैं। प्रतिभागियों को एक टाइमिंग चिप, सर्टिफिकेट, ड्राई-फिट मैराथन टी.शर्ट, फिनिशर्स मेडल, पोस्ट रेस रिफ्रेशमेंट और पूरे रूट पर सपोर्ट मिलेगा।

एक जिला एक उत्पाद योजना में नर्मदापुरम (होशंगाबाद) जिले में पर्यटन को चुना गया है। इसी योजना में स्थानीय जिला प्रशासन ने 52 ह ते की 52 गतिविधियां चिन्हित की हैं, जिनमें यह मैराथन भी है।

# कले टर बाँध और नदियों के जल-स्तर की सतत निगरानी करें -मु यमंत्री

**खनिज मद के निर्माण कार्य प्राथमिकता से प्रारंभ हों**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास पर्व में अभी तक हुई गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की शुक्रवार देर रात वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिलेवार समीक्षा कर मैदानी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बारिश के मौसम में बाँध, नदियों और नालों के जल-स्तर की सतत निगरानी का कार्य जारी रहे। मौसम विभाग से समन्वय कर मौसम रिपोर्ट लेकर बाढ़ की स्थिति का आंकलन कर बचाव की कार्य-योजना बनाये। बारिश के मौसम में सड़कों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। जहाँ सड़कों की मर मत की जरूरत है वहाँ तत्परता से मर मत कार्य भी करवाये।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी कले टर सुनिश्चित करें कि खनिज मद के कार्य समय पर प्रारंभ हो जाये।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी कले टर यह सुनिश्चत करें कि जिन जिलों में मूंग की खरीदी चल रही है वहाँ किसानों को कोई दिक्कत न हो। मूंग खरीदी कार्य को पूरी गंभीरता से लिया जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार का गतिरोध न हो। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 32 जिलों में मूंग एवं उड़द के उपार्जन का कार्य प्रगति पर है। किसानों को समय पर राशि का भुगतान किया जा रहा है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 21 से 23 वर्ष की बहन-बेटियाँ भी लाड़ली बहना योजना में होंगी शामिल - मु यमंत्री

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य शासन ने मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 21 से 23 वर्ष आयु की बहन-बेटियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया है। साथ ही योजना में वे बहनें भी शामिल होंगी, जिनके पास 5 एकड़ से कम जमीन है, लेकिन ट्रे टर होने से फोरव्हीलर के मापदंड की वजह से योजना में शामिल नहीं हो पाई है। इन बहनों को भी 1000 रूपए और बाद में राशि बढ़ने पर बढ़ी हुई राशि दी जाएगी। मु यमंत्री श्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में 21 से 23 वर्ष आयु समूह की लाड़ली बहनों के साथ पौध-रोपण के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।



मु यमंत्री चौहान ने पीपल, बरगद, कद ब, करंज, महुआ, खिरनी, आम और नीम के पौधे रोपे

*** ट्रे टर होने पर भी बहनों को योजना में किया जाएगा शामिल**
*** मु यमंत्री के साथ योजना की नई हितग्राही लाड़ली बहनों ने पौधे लगाकर जाहिर की खुशी**
*** 12 अगस्त को सागर में भगवान संत रविदास जी के मंदिर निर्माण का होगा शिलान्यास**

**मु यमंत्री 10 अगस्त को रीवा से लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित करेंगे**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनों के खाते में राशि जारी करने के लिए प्रतिमाह की 10 तारीख तय है। अगले माह 10 अगस्त को रीवा से योजना की राशि प्रदेश के सभी गाँवों और वार्डों में रहने वाली लाड़ली बहनों के खाते में डाली जाएगी। इस बीच 21 से 23 साल तक की लाड़ली बहनों के रजिस्ट्रेशन का अभियान भी आरंभ हो जाएगा। बहन-बेटियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ, वे सुखी रहेंगी तो मेरा जीवन सार्थक हो जाएगा।

**25 जुलाई से आरंभ होंगी 5 यात्राएँ**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 25 जुलाई से 5 यात्राएँ आरंभ होंगी। यह सभी यात्राएँ अलग-अलग गाँव से गाँव की माटी और नदी का जल लेकर सागर पहुँचेगी। सागर में 12 अगस्त को भगवान संत रविदास जी के मंदिर निर्माण का शिलान्यास होगा।

**मु यमंत्री श्री चौहान के साथ 21 से 23 वर्ष आयु समूह की बहन-बेटियों ने लगाए पौधे**

मु यमंत्री श्री चौहान ने 21 से 23 वर्ष आयु समूह की बहन-बेटियों को मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में जोड़ने के प्रतीकस्वरूप बहनों के साथ पौध-रोपण किया। मु यमंत्री ने पीपल, बरगद, कद ब, करंज, महुआ, खिरनी, आम और नीम के पौधे रोपे। पौध-रोपण में श्रीमती सुधा राठौर, राधिका, शाहीन, आफरीन, क चन, राधिका, तनु, गणेशी, आराध्या, नैन्सी और पूजा नायक शामिल हुईं। मु यमंत्री के साथ श्रीमती अंजना पेठिया ने पति श्री संतोष पेठिया और पुत्र सर्वश्री अनुतोष एवं अन्वेष पेठिया सहित अपने जन्म-दिवस पर पौधे रोपे। पूर्व पार्षद श्री महेश मकवाना ने भी अपने जन्म-दिवस पर परिजनों श्रीमती मंजू मकवाना, सुश्री रिद्धि और श्री किशोर मकवाना सहित पौधे लगाए। श्री कमल बघेल, सुश्री सुनंदा एवं अनाया बघेल ने भी पौधे लगाए।

# पुलिस पर हमला करने वाले गुडों का निकाला जुलूस

इंदौर। इंदौर के परदेशीपुरा में रहने वाले पुलिसकर्मी रौशन यादव और भोला यादव पर हमला करने वाले गुडों की इलाके में ही जुलूस निकाली गई। टीआई पैदल उन्हें खुद के इलाके में लेकर पहुंचे। यहां गुंडों से उठक बैठक लगवाई। वही डंडो से उनकी पिटाई भी की गई। इस बीच दोनों बदमाश पुलिस के सामने माफी मांगते नजर आए।



इंदौर में कमिश्नरी लागू होने के बाद भी अपराधियो के हौसले बुलंद नजर आ रहे है। बीती रात बदमाशों ने परदेशीपुरा थाने के पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला बोल दिया। दरअसल गुरुवार रात परदेशीपूरा पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया था, तभी एक बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश वहां से निकल रहे थे। पुलिसकर्मी रौशन यादव और भोला यादव ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो एक बदमाश से पुलिस जवान की हाथापाई हो गई उसके बाद बदमाशों ने चाकू निकाल कर रौशन यादव पर हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपी नशे में थे। वहीं पुलिस ने दो आरोपियों को रात में ही पकड़ा है। पुलिस गिर त में आएं आरोपियों के नाम हर्ष निवासी सिहोर और रितिक निवासी बाणगंगा है। तीसरे आरोपी अमन की तलाश की जा रही है। पकड़े गए दोनों आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के हैं और उन पर सिहोर और इंदौर में दर्जनों अपराध दर्ज है। वहीं लोगों के बीच खौफ खत्म करने के लिए पुलिस ने बदमाशों का उसी जगह जुलूस निकाला जहा आरोपियों ने पुलिसकर्मी को चाकू मारे थे।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बदला बोर्ड परीक्षा का पैटर्न

भोपाल। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने सत्र 2023-24 के 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया है। इसमें सबसे बड़ा बदलाव वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को लेकर किया गया है। अभी तक बहु विकल्प वाले प्रश्न पूछे जाते थे, लेकिन अब रिक्त स्थान, सत्य-असत्य और एक वो य वाले अति लघुउत्तरीय प्रश्नों को शामिल किया है। साथ ही लघु उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे, ताकि इससे विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा जा सके। वहीं पांच या छह अंक के दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल नहीं होंगे इनकी जगह तीन से चार अंक प्रश्न शामिल होंगे। इस संबंध में माशिमं ने नौवीं से 12 वीं तक की विषयवार परीक्षा पैटर्न को तैयार कर अंक प्रणाली को स्पष्ट किया है। नए पैटर्न के आधार पर वर्ष 2023-24 की 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों का निर्माण करवाया जाएगा। बता दें, कि माशिमं की 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 18 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होते हैं।

# 25 जुलाई को सिंगरौली जिले से होगा संत शिरोमणि रविदास समरसता-यात्रा का शुभारंभ

**मु यमंत्री चौहान ने तैयारियों की समीक्षा की**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 25 जुलाई को सिंगरौली में संत शिरोमणि गुरूदेव रविदास जी की समरसता-यात्रा का झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने आज समत्व भवन मु यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आगामी सप्ताह हो रहे कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की।

**25 और 26 जुलाई को सिंगरौली जिले के बैढ़न और देवसर में कार्यक्रम**

मु यमंत्री श्री चौहान 25 जुलाई को संत शिरोमणि रविदास जी समरसता यात्रा का शुभारंभ सिंगरौली जिले से करेंगे। बैढ़न में इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आवश्यक समन्वय किया जा रहा है। कले टर सिंगरौली ने बताया कि 26 जुलाई को मु यमंत्री श्री चौहान द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को देवसर में चरण पादुका और अन्य सामग्री प्रदाय की जाएगी। राज्य शासन ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस के साथ ही उपयोगी सामग्री देकर लाभान्वित करने का कार्य किया है। इस क्रम में महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका, पानी की बॉटल और वस्त्र प्रदान किए जाएंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य से जुड़ी समितियों का राज्य स्तरीय स मेलन होगा। स मेलन में समितियों के सदस्य जानकारी देंगे कि वनांचल और अन्य क्षेत्रों में समितियों के सदस्यों को किस तरह आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ है।

**कटनी में 27 जुलाई को लाड़ली बहना स मेलन और हितग्राहियों को हितलाभ वितरण**

मु यमंत्री श्री चौहान 27 जुलाई को कटनी में लाड़ली बहना स मेलन को संबोधित करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने महिला स मेलन में लाड़ली बहनों और स्व-सहायता समूहों की बहनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने कटनी में युवा अन्नदूत योजना में हितग्राहियों को वाहन प्रदाय करने, मु यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना और विस्थापित नागरिकों को नगरीय क्षेत्र में पट्टा वितरण के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में अनेक ग्रामीण जल समूह प्रदाय योजनाओं का शिलान्यास एवं अन्य विकास कार्यों की शुरूआत भी की जाएगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने सभी कार्यक्रमों में नागरिकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कले टर बाँध और नदियों के जल-स्तर की सतत निगरानी करें -मु यमंत्री

**खनिज मद के निर्माण कार्य प्राथमिकता से प्रारंभ हों**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास पर्व में अभी तक हुई गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की शुक्रवार देर रात वीडियो कांफ्रेंसिंग से जिलेवार समीक्षा कर मैदानी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बारिश के मौसम में बाँध, नदियों और नालों के जल-स्तर की सतत निगरानी का कार्य जारी रहे। मौसम विभाग से समन्वय कर मौसम रिपोर्ट लेकर बाढ़ की स्थिति का आंकलन कर बचाव की कार्य-योजना बनाये। बारिश के मौसम में सड़कों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। जहाँ सड़कों की मर मत की जरूरत है वहाँ तत्परता से मर मत कार्य भी करवाये।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी कले टर सुनिश्चित करें कि खनिज मद के कार्य समय पर प्रारंभ हो जाये।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी कले टर यह सुनिश्चत करें कि जिन जिलों में मूंग की खरीदी चल रही है वहाँ किसानों को कोई दिक्कत न हो। मूंग खरीदी कार्य को पूरी गंभीरता से लिया जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार का गतिरोध न हो। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 32 जिलों में मूंग एवं उड़द के उपार्जन का कार्य प्रगति पर है। किसानों को समय पर राशि का भुगतान किया जा रहा है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## किसान की मौत पर हंगामा

मंदसौर। मंदसौर जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र में एक किसान परिवार द्वारा लंबे समय से कब्जे में रखी हुई कृषि भूमि को औद्योगिक क्षेत्र के लिए प्रशासन द्वारा कब्जा छुड़ाए जाने से नाराज किसान ने गुरुवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली. शुक्रवार को मृतक किसान का शव रखकर पाटीदार समाज और अन्य लोगों ने एक करोड़ के मुआवजे और जमीन वापस दिलाए जाने और मृतक के परिजन को शासकीय नौकरी दिए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया.

# नागदा, मध्य प्रदेश का 54वां जिला घोषित, उज्जैन का विभाजन

भोपाल। मध्य प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने तहसील नागदा को जिला घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि, यह मध्य प्रदेश का 54वां जिला है। नागदा को उज्जैन से विभाजित करके बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नागदा एक बेहद प्राचीन शहर है। महाभारत काल में नागदा का न केवल अस्तित्व था बल्कि महत्व भी था। मध्य प्रदेश का 53 वा जिला मऊगंज है। जिसे रीवा जिले से विभाजित करके बनाया गया है। इसकी घोषणा भी हाल ही में मु यमंत्री द्वारा की गई है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में 52 जिलों में कले टर पदस्थ हैं।

**नागदा का इतिहास और वर्तमान**

वर्तमान में नागदा, मध्य प्रदेश राज्य के उज्जैन जिले की एक तहसील है। महाभारत का युद्ध जीतने वाले पांडवों के इतिहास में नागदा का उल्लेख मिलता है। बताया गया है कि, इस स्थान में पांडवो के पौत्र राजा जन्मेजय द्वारा नागों के दाह के लिए एक विशाल यज्ञ किया गया था इसीलिए इस नगर का नाम नागदा हुआ।

**नागदा जिला कब तक अस्तित्व में आ जाएगा**

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, उज्जैन जिले की नागदा तहसील को आज जिला घोषित करता हूं। इसके गठन की प्रशासनिक प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उज्जैन जिले की किसी तहसील के लोग नागदा में शामिल होना चाहते हैं, तो उनकी मर्जी के अनुसार शामिल किया जा सकता है। यदि मु यमंत्री की घोषणा के अनुसार तत्काल कार्यवाही शुरू हुई तो नागदा जिले में 26 जनवरी 2024 का झंडा वंदन होगा, अन्यथा 15 अगस्त 2024 का ध्वजारोहण सुनिश्चित है।

# 18 वर्षीय युवक ने पहले अपने दोस्त को मैसेज कर बताया और इसके बाद लगा ली फांसी

भोपाल। मध्य प्रदेश के उर्जाधानी सिंगरौली जिले में 18 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, लेकिन इससे पहले उसने अपने एक दोस्त को इस बारे में मोबाइल पर पर मैसेज भेजा जिसमे लिखा था कि आज मैं फांसी लगाने जा रहा हूं.उसके साथ ही फांसी लगाने वाली रस्सी का फोटो भी व्हाट्सएप पर भेज दिया. इसके बाद उसने पेड़ पर लटकर आत्महत्या कर लिया.

दरअसल सिंगरौली जिले के बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा निवासी 18 वर्षीय युवक गोपी यादव शुक्रवार (21 जुलाई) की रात अपने घर से 9 बजे के करीब बाहर निकला. उसने



अपने परिवार के किसी भी लोगों को नहीं बताया कि वह कहा जा रहा है. 10 बजे की रात्रि में वह अपने दोस्त के मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज भेजा, उसमें लिखा था कि मैं अब जीना नहीं चाहता हूं. फांसी लगाकर आत्महत्या करने जा रहा हूं.

**ग्रामीणों ने देखा शव को पेड़ में लटके हुए**

उसके दोस्त ने सोचा शायद मजाक कर रहा है. देर रात तक जब घर नहीं आया तो परिजन उसे तलाशने के लिए कई जगह गये, लेकिन वह कहीं नहीं मिला. शनिवार (22 जुलाई) की सुबह ग्रामीणों ने जब एक पेड़ पर फांसी से लटकता हुआ शव देखा तो तो इसकी जानकारी युवक के घर वालों और पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए अस्पताल के मर्चुरी में भेज दिया है.

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

वहीं मृतक युवक के परिजनों ने हत्या और साजिश की आशंका जताई है. उनका कहना है कि घर मे किसी तरह से वह परेशान नही था, उसके दोस्तों ने बताया था कि शुक्रवार को गांव के ही एक व्यक्ति से उसका किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. इसके बाद वह घर आया और कुछ देर बाद घर से बाहर निकल कर किसी ने इस तरह से उसे फांसी पर लटका दिया है.

**पुलिस कर रहा है मामले कि जांच**

वहीं थाना प्रभारी आरपी सिंह ने कहा कि इस घटना में कई नए तथ्य सामने आ रहे है. फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आत्महत्या के पीछे का राज सामने आ सकता है. अभी कुछ भी कहना सही नहीं होगा.फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# उज्जैन में भारी बारिश के बाद महाकाल मंदिर में घुसा पानी

उज्जैन। उज्जैन में तेज बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। महाकालेश्वर मंदिर के कार्तिक और गणेश मंडपम तक बारिश का पानी पहुंच गया। महाकाल मंदिर में झरने का अहसास हो रहा था। शिप्रा नदी छोटे पुल से करीब आठ फीट ऊपर बह निकली। रामघाट के मंदिर और घाट पूरी तरह पानी में डूबे हैं। लगातार हो रही बारिश और आसपास आ रहे बारिश के पानी के कारण स्थिति ऐसी हो गई कि शनिवार सुबह जिला प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टियों की घोषणा कर दी। गंभीर डैम का एक गेट भी 50 सेंटीमीटर तक खोल दिया गया है। हालांकि, शुक्रवार रात को मंदिर में आए पानी को छह मोटर लगाकर निकाल लिया गया। शनिवार को 80 हजार से अधिक भक्तों ने दोपहर तक सहजता से दर्शन कर लिए। मानसून पूरे प्रदेश पर मेहरबान है।



उज्जैन में रातभर रुक-रुककर तेज बारिश होती रही। इसका असर यह हुआ कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के आने-जाने के रास्ते पर घुटने से थोड़ा नीचे तक पानी जमा हो गया। तेज बारिश से कार्तिक और गणेश मंडपम तक बारिश का पानी पहुंच गया। शयन आरती के बाद नियमित व अन्य दर्शनार्थियों के मंदिर से बाहर आने के बाद नंदी हॉल तक पहुंचे पानी को बाहर निकालना पड़ा। उज्जैन में हो रही तेज बारिश के कारण कले टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी शनिवार को जिले के सभी स्कूलों की छुट्टी भी घोषित कर दी है। इंदौर का यशवंत सागर डैम ओवर लो होने से गेट खोले गए हैं, जिससे गंभीर डैम मे लगातार पानी आ रहा है। गंभीर डैम से अधिकारी सुरेश लाड़ ने बताया कि डैम में पानी का लेवल मेंटेन रखने के लिए डैम के गेट नंबर तीन को 50 सेंटीमीटर खोला गया है।

कले टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि पिछले कई दिनों से उज्जैन में लगातार तेज बारिश हो रही है। शुक्रवार रात 10 बजे के आसपास काफी तेज बारिश हुई थी। इससे बारिश का पानी मंदिर परिसर और नंदी हॉल में घुसा है। ऐसी घटना प्रायः हर साल होती है। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। टीम ने तत्काल पानी बाहर निकाला। शिप्रा का भी जलस्तर बढ़ा है। गंभीर डैम के गेट खोलने पड़े। शासन पूरी तरह से सतर्क है। स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। कहीं कोई असुविधा नहीं है। किसी के जान-माल की हानि की सूचना अब तक नहीं मिली है। आज बारिश की संभावना ज्यादा थी। रात में तेज बारिश हो रही थी। इस वजह से शासकीय व अशासकीय स्कूलों की छुट्टी रखी गई।

**हजारों भक्तों ने किए भस्मारती के दौरान दर्शन**

बारिश के बाद भी श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। भस्मारती से ही दर्शनार्थी श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन कर रहे है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में 21 जुलाई रात में बारिश के कारण कुछ स्थानों पर पानी से समस्या हुई थी। उसे तत्काल प्रभाव से निकाला जा चुका है। शनिवार सुबह तीन बजे भस्मारती से ही श्रद्धालुओं ने लगातार दर्शन किए। सुबह 11 बजे तक लगभग 60 हज़ार दर्शनार्थियों ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए।

# गौशाला के लिए शिवपुरी में अनोखा प्रदर्शन, गायों के गले में त ितयां टांगकर ग्रामीणों ने निकाली रैली

शिवपुरी। शिवपुरी जिले में गौशाला की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अनोखा विरोध- प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गौशाला की मांग को लेकर गायों के गले में त तयां टांगकर जुलूस निकाला। यह प्रदर्शन जिले के बदरवास जनपद के ग्राम पंचायत खतौरा में हुआ है।



दरअसल, खतौरा ग्राम पंचायत में गौशाला नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने गोवंश के गले में हमें जगह दो नारे लिखीं त तयां डालकर रैली में निकाला। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में गौशाला नहीं होने के कारण आवारा मवेशी सड़कों पर घूमते रहते हैं। इससे लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। इसमें लोगों और मवेशियों दोनों की ही जान चली जाती है या फिर वे घायल हो जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि खतौरा एक पंचायत बड़ी है। यहां से कई नेता विधायक बने हैं। इसके बाद भी पंचायत में गौशाला को स्वीकृति नहीं मिल सकी। इसी मांग को लेकर ये प्रदर्शन किया गया है।

खतौरा के ग्रामीणों ने बताया कि खतौरा पंचायत की जनसं या 6100 है। यहां के ग्रामीणों के पास सैकड़ों मवेशी हैं। इसके अलावा सैकड़ों आवारा मवेशी भी हैं। जो यहां वहां सड़कों और खेतों में घूमते रहते हैं। इससे किसानों और लोगों को परेशानी होती है। पंचायत सचिव मनोज शर्मा का कहना है कि गौशाला को लेकर अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है। इस कारण से अब तक गौशाला का निर्माण नहीं हो सका है।

**दूसरे छोटे गांव में बनाई गई गौशाला**

ग्रामीणों ने बताया है कि खतौरा जनपद पंचायत से करीब 6 किलोमीटर दूर रामगढ़ पंचायत में गौशाला का निर्माण कराया जा चुका है। जबकि रामगढ़ खतौरा से बहुत ही छोटा गांव है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द यहां गौशाला का निर्माण काराया जाए।

# कले टर ने गोपालगंज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धोबीसर्रा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

**निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी**



सिवनी यशोः- विगत 21 जुलाई को कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मु य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी डॉ जयपाल सिंह ठाकुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने केन्द्र की चिकित्सा व्यवस्था, लेब, वार्ड, ओपीडी, औषधि वितरण कक्ष सहित विभिन्न सखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने से भर्ती मरीजों से चर्चा कर मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने एवं सभी आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में 2 आयुष अधिकारी, संविदा विकासखण्ड लेखा प्रबंधक, संविदा फार्मासिस्ट, एमपीडब्ल्यू प्रभारी लेखापाल के अनुपस्थित पाए जाने पर सभी संबंधितों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश कले टर श्री सिंघल ने दिए।

इसी तरह कले टर श्री सिंघल ने कुई विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धोबीसर्रा का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र की महिला चिकित्सा अधिकारी एवं आयुष चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें भी कले टर श्री सिंघल ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# आयुष मलेरिया अभियान अंतर्गत दी गई मलेरिया ऑफ 200 दवा की दूसरी खुराक

सिवनी यशोः- आयुष मलेरिया नियंत्रण अभियान के अंतर्गत मलेरिया से बचाव के लिये हो योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ 200 का वितरण जिले के आठ मलेरिया प्रभावित ग्रामों में किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत 21.07.23 को प्रथम चरण की दूसरी खुराक दी गई। अभियान में घंसौर के जमुनिया एवं पाटन, लखनादौन का रायचौर, केवलारी के खापा, टूरगा तेंदूटोला ,मसानबर्रा एवं बरघाट का उलट ग्राम शामिल है। आयुष विभाग का अमला ग्राम की आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर ग्रामीणजनों को दवा का सेवन कराया गया।



# वन अमले ने जब्त की लाखों रुपए की इमारती लकड़ियां

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के वन विकास निगम बेहरई में वन अमले ने छापामार कार्रवाई की। यहां इमारती लकड़ी सागौन के लट्ठे और चिरान जब्त की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन विभाग के अधिकारियों को सूचना प्राप्त हुई थी कि गागंपुर में एक व्यक्ति के यहां अवैध लकड़ियां रखी हुई है।

इसके बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी एसके जभारे अमले के साथ मौका स्थल पहुंचे। गागंपुर निवासी गजानंद पिता भादू पवार के यहां छापामार कार्रवाई कर 29 नग सागौन के लट्ठे, 13 नग बल्ली के साथ घर के अंदर से 144 नग चिरान जब्त की। इस कार्रवाई से गांव में अवैध तरीके से जंगल से इमारती लकड़ी की तस्करी करने वालों में खलबली सी मची हुई है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गांव के समीप लगे जंगल से इमारती लकड़ी की कटाई कर तस्करी की जा रही थी। इसकी सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए की इमारती लकड़ी जब्त कर प्रकरण बनाया।

इस कार्रवाई में बरघाट रेंजर के साथ सहायक परिक्षेत्र अधिकारी के साथ कार्रवाई की। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से कहा कि अवैध लकड़ियों का काम करने वालों की जानकारी वन विभाग को दें।

# अनियंत्रित होकर बोलेरो वाहन पलटा, 3 लोग घायल



सिवनी यशोः-सिवनी जिले के छपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरखपुर और गोरपानी के बीच में एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार 3 लोग घायल हो गए। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी छपारा पुलिस एवं 108 वाहन में दी। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य छपारा में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद छपारा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना कैसे हुई? पुलिस घायलों के संबंध में भी जानकारियां भी जुटा रही है। बताया जा रहा है कि जिस जगह यह सड़क हादसा हुआ वहां लोगों का एवं वाहनों का आना-जाना अधिक होता है। यदि बोलेरो वाहन किसी अन्य वाहन से टकराता या लोगों से टकराता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# कले टर ने 'मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना' की समीक्षा कर दिए निर्देश



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना से जुड़े जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, रोजगार कार्यालय, निर्माण विभाग, महाविद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सहित अन्य संबंधित विभागाधिकरियों की बैठक लेकर मु यमंत्री सीखों कमाओं योजना के क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले की विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 18 से 29 वर्ष आयु के 12 वी कक्षा से उच्च शिक्षा प्राप्त इच्छुक युवाओं का पोर्टल पर पंजीयन कर योग्यता के आधार पर प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना से जुड़े सभी संबंधित विभागाधिकारियों को विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों में कार्यरत विभिन्न निर्माण एजेंसियों के माध्यम से भी युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए।

# डॉ ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की



सिवनी यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने 22 जुलाई 23 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा एवं सिविल अस्पताल लखनादौन में खंडस्तरीय अधिकारी /कर्मचारियों की बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिए।

उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम, दस्तक अभियान, प्रसूति सहायता, आभा आईडी कार्ड, सिकल सेल जांच, जेएसवाय, पीएसवाय, डेंगू/मलेरिया एवं सीएम हेल्पएलाईन के प्रकरणों के निराकरण की स्थिति तथा आरसीएच पोर्टल में एंट्री की जानकारी प्राप्त की तथा उक्त सभी योजना अंतर्गत कार्यो को समय पर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होने स्वास्थ्य केंद्रो के कर्मचारियों को अपने मु यालय में रहने एवं स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए, जिससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को बेहतर एवं त्वरित उपचार प्रदान करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ. जयज काकोड़िया, जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी उमेश बिसेन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तामसिंह इनवाती,बीईई आर्यट सोनकेशरिया, एवं खंड चिकित्सा अधिकारी लखनादौन डॉ टर अशोक सेहलाम, बीईई, के.एल. उइके बीपीएम, बीसीएम, एएनएम, नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, सुपरवाईजर एवं विकासखंड स्तरीय अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहें।

# कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचक नामावली प्रारूप प्रकाशन एवं अन्य निर्वाचन कार्यों को लेकर राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर 2 अ टूबर 23 को होने वाली निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन एवं अन्य निर्वाचन कार्यों को लेकर सभी अनुविभागीय से टर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सीएल चनाप भी उपस्थित रहे।

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने युक्तिकरण, प्राप्त दावा आपत्ति एवं दावा-आपत्ति की जांच उपरांत की गई कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने 2 अ टूबर 23 को होने वाली निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन को लेकर मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा से टर अधिकारी की उपस्थिति में ही बीएलओ के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं की उपस्थिति में निर्वाचक नामावली का वाचन प्रक्रिया कराने के निर्देश दिए।

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने विकासखण्डवार मतदान केन्द्रों की जानकारी, अधिक मतदाता वाले क्षेत्र, नवीन मतदान केन्द्रों की जानकारी, ईपी रेशो, कम मतदान वाले केन्द्रों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कम मतदान वाले केन्द्रों पर मतदान कम होने का कारणों का पता कर, कमियों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ईपी रेश्यो में अंतर वाले विकासखण्डों में पुन- सर्वे कर मतदाता सूची से छूटे हुए महिला-पुरूषों एवं दिव्यांग मतदाताओं का नाम जोड़ने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने 1 अ टूबर 23 तक 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाओं का भी चिन्हांकन कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने संबंधी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों से अनुभाग में स्थित ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर के माध्यम अधिक से अधिक मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया से अवगत कराने, मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



सिवनी यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठल ली। बैठक में अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चनाप सहित सभी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे। उपस्थित रहे।

बैठक में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार सभी निर्वाचन कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित से टर एवं पुलिस अधिकारियों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से स पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया स पन्न कराने हेतु अपने क्षेत्र के क्रीटिकल एवं वनरेबल बूथों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह अतिसंवेदनशीलता उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर संबंधितों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# अंतरराज्यीय चंदन तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, 7 गिर तार

इंदौर। इंदौर के पॉश इलाके से चंदन के पेड़ काटकर चोरी करने वाली अंतरराज्यीय संगठित चन्दन चोर गैंग को संयोगितागंज पुलिस ने गैंग के मुखिया सहित 7 आरोपियों को गिर तार कर लिया है। यह वारदात रेसीडेंसी इलाके में चंदन चोरों ने की थी।



**यह है पूरा मामला**

बता दें कि 3 दिन पहले देर रात चंदन चोरों ने बारिश का फायदा उठाते हुए चंदन के पेड़ की चोरी की घटना को अंजाम दिया था गैंग का मुखिया सहित कुल 7 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है पकड़े गए आरोपियों से चंदन की लकड़ी काटने के औजार व हथियार बरामद पुलिस ने किए है साथ ही गैंग की सहायता करने वाले व परिवहन में मदद करने वाले व माल बिकवाने वाली पुरी गैंग का खुलासा पुलिस ने किया। आरोपी शातिर चोर है और इनके विरुद्ध पहले के अपराध अन्य जिलों में दर्ज है।

गौरतलब है कि पुलिस टीम को मुखबिर और सीसीटीवी कैमरा फुटेज व अन्य तकनीकी आधार व पुलिस के परंपरागत तरीकों से जानकारी मिली की चंदननगर क्षेत्र में रहने वाले आरोपी शहजाद के यहाँ देर रात के समय संदिग्ध व्यक्तियों का आना जाना है व उनका मूवमेंट रेसीडेंसी क्षेत्र में है पुलिस द्वारा सादावर्दी में टीम चिन्हित किये गये आरोपियों के घर पर निगाह रखी गई और मुखबिर से सूचना पर घेराबंदी कर चार आरोपियों को पकड़ा गया।

आरोपियों के पकड़े जाने के बाद पुलिसिया पूछताछ में आरोपियों ने उन लोगों के नाम भी बताएं जिन्हें यह चंदन की लकड़ी बेचते थे पुलिस ने चंदन की लकड़ी खरीदने वाले को भी आरोपी बनाया है और पुलिस का यह भी कहना है कि और की जाने वाली पूछताछ में आरोपियों के बढ़ने की संभावना है पॉश इलाके में चंदन के पेड़ काटने वालों में वर्तमान में 7 आरोपी इसमें खरीदार भी पुलिस की पकड़ में है।

# दिव्यांग विद्यार्थियों से शैक्षणिक शुल्क न लें

सिवनी यशोः- जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिव्यांग अधिकार अधिनियनियम 2016 दिनांक 19 अप्रैल 2017 से प्रभावशील है। अधिनियम की धारा 31(1) के अंतर्गत 6 से 18 वर्ष की आयु के दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क शिक्षण प्रदान किये जाने का प्रावधान है। उक्त अधिनियम के जिले में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा 6 वर्ष से 18 वर्ष आयु के शत प्रतिशत दिव्यांग छात्र / छात्राओं को को अनिवार्य रूप से शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश कराते हुए निःशुल्क शिक्षण एवं विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराने, दिव्यांग छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि अधिनियम अंतर्गत सभी विद्यालयों में दिव्यांग छात्र छात्राओं को शिक्षण शुल्क से मुक्त रखा गया है। अतः समस्त संकुल प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि अपने अधिनस्थ समस्त शासकीय / अशासकीय प्राथ0 / माध्य0 / हाई / उ0मा0वि0 में दिव्यांग विद्यार्थियों से शिक्षण शुल्क न लें एवं आपके संकुल अंतर्गत किसी भी शासकीय / अशासकीय विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों से शिक्षण शुल्क लिया जाता है तो आपके एवं संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# जी-20 में शामिल मेहमानों ने देखा इंदौर, जी-20 समिट का समापन



इंदोर। जी-20 समिट में आए 30 से ज्यादा देशों के मेहमानों को इंदौर की मेहमाननवाजी पसंद आई। अपने देशों में रवाना होने से पहले मेहमानों ने हेरिटेज वॉक कर शहर के इतिहास को करीब से देखा और अपने कैमरों में शहर की धरोहरों को कैद किया। उन्हें इंदौर की मेहमाननवाजी के अलावा इंदौर की सफाई भी पसंद आई।

शनिवार सुबह हेरिटेज वॉक की शुरुआत बोलिया सरकार छत्री से हुई। यहां मेहमानों ने छत्री की वास्तुकला के बारे में जानकारी ली। उन्हें होलकरकाल में पहनी जाने वाली पगड़ी भी दिखाई गई। इसके बाद पैदल-पैदल मेहमान कृष्णपुरा छत्री गए। यहां उन्होंने तस्वीरें खिंचवाई और शास्त्रीय संगीत भी सुना।

इसके बाद गोपाल मंदिर मेहमान पहुंचे। उन्हें बताया गया कि पुरानी लकडी से फिर पहले की तरह मंदिर के कुछ हिस्से तैयार किए गए, हालांकि उन्हें पहली मंजिल पर नहीं ले जाया गया, योकि एक साथ ज्यादा वजन छत पर नहीं दिया जा सकता है। इसके बाद मेहमान राजवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने इंदौर पोहे, जलेबी का स्वाद दिया। इसके अलावा भजन पर आधारित नृत्य भी देखे। इतिहासकार जफर अंसारी ने उन्हें इंदौर के इतिहास के बारे में जानकारी। प्रशांत इंदूरकर ने राजपरिवार को दी जाने वाली उपाधि को दरबारीय अंदाज में सुनाया।

श्रम और रोजगार विभाग की सचिव आरती आहूजा ने कहा कि श्रम और रोजगार विषय पर जी-20 की यह चौथी और अंतिम बैठक थी। इसमें तय विषय पर चर्चा हुई। उसमें आए सुझावों को जी-20 देशों के साथ साझा किया जाएगा।

# पेंशन हितग्राही समग्र आईडी की आधार ई-केवायसी कराएं

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार पेंशन योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत लोगों तक पहुंचाने के लिये पेंशन हितग्राहियों की समग्र आईडी से आधार ई-केवायसी कराया जा रहा है। जिससे आधार ई-केवासयी से डुप्लीकेसी को खत्म करने और सही व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी।

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वार बताया गया कि सिवनी जिले में 113633 पेंशन हितग्राहियों मे से 57416 पेंशन हितग्राहियों की आधार ई-केवायसी हो चुकी है। 56284 पेंशन हितग्राकियों की आधार ई-केवायसी होना शेष है। अत- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृध्दावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि-शकत पेंशन, कन्या अभिभावक पेंशन, मंद बुध्दिध, बहुविकलांग को आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा वृध्दावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा परित्ये ता पेंशन, सामाजिक सुरक्षा नि-शे त पेंशन, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि, मु यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना, मु यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना का लाभ लेने वाले समस्त पेंशन हितग्राहियों की समग्र आईडी से आधार ई-केवायसी कराना अनिवार्य है।

मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी ने सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायको को ग्राम पंचायतों में ही शिविर लगाकर पेंशन हितग्राहियों की आधार ई.केवायसी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही पेंशन हितग्राहियों से अपील की गयी है कि सचिव एवं रोजगार सहायक से संपर्क कर यथाशीघ्र समग्र आईडी में आधार की केवायसी कराये ताकि समय पर पेंशन की राशि मिल सके।

# स्वास्थ्य अमला अपने दायित्वों का निर्वहन में संवेदनशीलता बरते - डॉ. सिडाना

**कले  टर ने किया नैनपुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण**

मंडला यशोः- कले  टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नैनपुर विकासखंड के झिरिया, डूंडा, डिठौरी एवं सूभेवाड़ा आदि ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं, स्वास्थ्य केन्द्रों तथा अमृत तालाब का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कले  टर ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**बोलचाल की भाषा में करें काउंसलिंग**

भ्रमण के दौरान कले  टर ने उपस्वास्थ्य केन्द्र डून्डा एवं डिठौरी का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए केन्द्रों द्वारा प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अमला अपने दायित्वों का निर्वहन में संवेदनशीलता बरते। घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए टीकाकरण सुनिश्चित करें। गर्भवती महिलाओं की सिकलसेल, एनीमिया की भी जांच अनिवार्य रूप से कराएं। कले  टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की स्थानीय बोलचाल की भाषा में काउंसलिंग करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार, दवाईयां एवं टीकाकरण का महत्व बतलाएं। केन्द्र में जच्चा-बच्चा कार्ड की अनुपलब्धता पर कले  टर ने संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**शाला भवन की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें**

एकीकृत माध्यमिक शाला झिरिया के निरीक्षण के दौरान कले  टर ने कहा कि शाला भवन एवं परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। भवन तथा बाउंड्रीवॉल की मर मत तथा आवश्यकतानुसार रंग कराएं। उन्होंने कक्षाओं में रोशनी की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए लाईट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कले  टर ने जनपद पंचायत के मु  य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि शालाओं का निरीक्षण कराते हुए पंचायतों के सहयोग से शौचालयों की व्यवस्था बेहतर बनाएं। उन्होंने आवश्यकतानुसार नवीन शौचालय निर्माण के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एकीकृत माध्यमिक शाला डिठौरी के निरीक्षण के दौरान कले  टर ने कहा कि विद्यालयों में मां की बगिया को विकसित करें। पीएचई से समन्वय कर स्कूलों के ड्रिंकिंग वाटर यूनिट में आवश्यक सुधार कराएं।

**मध्यान्ह भोजन में मीनू का पालन करें**

भ्रमण के दौरान कले  टर ने ग्राम झिरिया एवं डिठौरी में संचालित एकीकृत माध्यमिक शालाओं के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन में निर्धारित मीनू का स  ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। कले  टर ने खाद्यान्न उठाव के संबंध में शाला प्रमुखों से जानकारी लेते हुए समय पर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने रसोईयों से उनके मानदेय के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

**बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश**

कले  टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्राम झिरिया एवं डिठौरी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्र में पर्याप्त रोशनी, बिजली, पेयजल, शौचालय, रे प सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कले  टर ने बीएलओ से मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। बीएलओ के पास पर्याप्त जानकारी नहीं होने पर कले  टर ने उसे कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

खेल मैदान से अतिक्रमण हटाएँ

कले  टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सूभेवाड़ा में अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए संग्रहण क्षमता आदि के संबंध में जानकारी ली। यहां पर उन्होंने पौधरोपण करते हुए अमृत सरोवर के निकट उपलब्ध भूमि पर वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। ग्राम सूभेवाड़ा में खेल के मैदान पर किए गए अतिक्रमण हटाने के संबंध में सार्थक पहल नहीं करने पर कले  टर ने संबंधित पटवारी को नोटिस जारी करने तथा खेल मैदान से अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए।

# क्रेडिट कार्ड का पशु किसानों को मिला लाभ

मण्डला यशोः- पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय द्वारा पशु किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जा रहे हैं। उपसंचालक यूएस तिवारी ने बताया कि मण्डला कले  टर के दिशा-निर्देश पर यह अभियान मई माह से चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 5565 किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जा चुकें है जबकि 5400 का लक्ष्य विभाग को मिला था वही 2392 किसान क्रेडिट कार्ड बैंकों द्वारा जारी किए जा चुके है जिस पर 7 करोड़ से अधिक की राशि किसानों को दी जा चुकी है और यह प्रक्रिया बैंको के माध्यम से निरंतर जारी है। वहीं विभाग द्वारा आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना के अंतर्गत प्रकरण तैयार किए जा रहे है जिस पर हितग्राहियों को 1.50 लाख से 2 लाख रूपए तक की सबसिडी दी जा रही है। इस योजना की भी कले  टर के द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जा रही है उपसंचालक श्री तिवारी ने बताया कि विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान, नसबंदी एवं ल पसी नामक बीमारी को लेकर लगातार अभियान चलाते हुए पशु पालकों से चर्चा की जा रही है एवं बीमार जानवरों का उपचार भी किया जा रहा है। वहीं पशु ए बुलेंस का भी सुचारू संचालन किया जा रहा है।



## स्वीप गतिविधियों में स्थानीयता का ध्यान रखें

मंडला यशोः- स्वीप गतिविधियों के संबंध में आयोजित बैठक में कले  टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि स्वीप गतिविधियों में स्थानीयता का ध्यान रखें। उन क्षेत्रों में फोकस करें जहां पर पूर्व के चुनावों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है। स्वीप गतिविधियों को परिणाममूलक बनाएं। कले  टर ने कहा कि गतिविधियों के चयन में सावधानी बरतें। पारंपरिक रूप से होने वाली गतिविधियों के साथ-साथ क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं को समझते हुए गतिविधियों का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों में जनसहभागिता पर विशेष ध्यान दें। ग्राम टोले तक गतिविधियों का आयोजन करें। गतिविधियों में स्वसहायता समूह, स्वयंसेवी संगठन, समाजसेवी, वरिष्ठजनों आदि का सहयोग प्राप्त करें। कले  टर चेंबर में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कले  टर मीना मसराम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमरदीप एक वर्ष के लिए जिलाबदर

मण्डला यशोः- आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलग्न रहने के कारण कले  टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा अमरदीप पिता कुंवरमन पटेल उम्र 45 वर्ष, निवासी करियागांव पुलिस चौंकी अंजनिया, थाना ब हनी, जिला मंडला को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला मंडला तथा उसकी सीमा से स बद्ध मध्यप्रदेश राज्य के राजस्व जिले जबलपुर, डिंडौरी, बालाघाट एवं सिवनी की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि से बाहर जाने का आदेश दिया गया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। निर्बन्ध आदेश की अवधि में अमरदीप जिस-जिस थाना क्षेत्र में निवास अथवा आवागमन करेंगे, अपने आने तथा प्रस्थान करने की सूचना देंगे तथा प्रत्येक दिन दोपहर 12 बजे क्षेत्राधिकार वाले थाना में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# औसत वर्षा की जानकारी

मण्डला यशोः- जिले में इस वर्ष 1 जून से 21 जुलाई 2023 के दौरान 552.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 391.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 161.3 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को मंडला में 31.2 मि.मी., बिछिया में 21.2 मि.मी., निवास में 5 मि.मी., घुघरी में 12.1 मि.मी. तथा नारायणगंज में 33.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 21 जुलाई 2023 को 17.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# पौंडी बीट में काटे गए जंगल का विधायक डा. मर्सकोले द्वारा निरीक्षण

**वन विभाग का अमला भी मौजूद रहा**

मंडला यशोः- विगत दिनों पौंडी बीट में भारी मात्रा में सागौन झाड़ काटकर खेती करने का मामला प्रकाश में आया था।उक्त घटना को लेकर कल लालपुर पंचायत भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया था।इस बैठक में पौंडी, डूंगरिया, चौरई, खापा, निवारी,खा ही , मलधा,खेरूवारे वन ग्राम, मानिकसरा,बरबाही, कुकरी और लालपुर गांव के महिला- पुरूष शामिल थे। बैठक में विधायक डो टर अशोक मर्सकोले एवं वन विभाग के एसडीओ फोरेस्ट मुकेश पटेल एवं बरेला वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक कटारे उपस्थित हुए।लालपुर के भारत लाल कुंजाम ने इस घटना पर बात रखते हुए बताया कि लालपुर गांव को चारागाह का सामुदायिक निस्तार हक्क 110 हे टेयर मिला है।परन्तु उक्त निस्तारी भूमि में जंगल काटकर खेती किया जा रहा है।इस अतिक्रमण की सूचना वन विभाग के बरेला वनपरिक्षेत्र को 21 जून 2023 को लिखित में दिया गया था।परन्तु विभाग से कोई कार्यवाही नहीं किया गया।इससे संदेह होता है कि अतिक्रमणकारी के बीच वन विभाग का सांठगांठ है।पौंडी के वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह धुमकेती ने कहा कि अतिक्रमण वाले क पार्टमेंट में 368 हे टेयर निस्तार के लिए जंगल आबंटित किया गया है।इसको लेकर पौंडी की ग्राम सभा ने अतिक्रमण के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया और 6 जून 2023 को इसकी लिखित जानकारी वनपरिक्षेत्र अधिकारी बरेला को दिया गया था।परन्तु कार्यवाही नहीं होने से अतिक्रमण करने वाले जंगल काटने के काम को तेजी से अंजाम देते रहे। एसडीओ फोरेस्ट ने बताया कि इस घटना में शामिल चार लोगों के खिलाफ पीओआर काटकर वन भूमि पर अतिक्रमण प्रकरण बनाया गया है।हम किसी भी दोषियों को नहीं छोड़ेंगे।उन्होने कहा कि मैं और रेंजर इस क्षेत्र में नये आए हैं और पौंडी बीट में कोई नाकेदार की स्थाई पोस्टिंग नहीं है। विधायक डो टर अशोक मर्सकोले ने कहा कि गांव के लोग मकान मर मत के लिए जंगल से पतली लकडी काटता है तो वन विभाग तत्काल कार्यवाही करता है।परन्तु अतिक्रमण में इतना जंगल कट जाना और वन विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नहीं होना,संदेह पैदा करता है।उन्होने कहा कि बरगी बांध बनने के समय टि बर माफिया ने पुरानी लकडी ले जाने के लिए टी.पी के आर में सागौन झाड़ काटकर जबलपुर ले गए आज भी टि बर माफिया इस क्षेत्र में सक्रिय है।इस घटना के असली गुनहगार तक पहुंचना वन विभाग की प्राथमिकता होना चाहिए।बैठक के बाद वन विभाग के साथ विधायक अतिक्रमण क्षेत्र का निरीक्षण करने जंगल गए।निरिक्षण के दौरान काटी गई सागौन की लकडी को जो छिपाकर नाले में रखा गया था, वो वहां नहीं था।बताया जा रहा है कि तेज बारिश के कारण नाले से लकडी बहकर बरगी जलाशय में चला गया है। इस बैठक में जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र बरकड़े, शिवकली मरावी सरपंच खापा, दशरथ मसराम उपसरपंच मानिकसरा,कल्लू सिंह आर्मो सरपंच लालपुर, सुखदेव नेताम, इमारत बरकडे,संतलाल मरकाम, सुघर लाल परते,पंडू लाल उईके,नरेश मरावी, छत्र सिंह उईके,ब्रज कुमारी सरोठिया,राजंती परते,अच्छे लाल मरावी ,बजारी लाल कुलस्ते , कैलाश सोनी,अजमेर गोठरिया,रफिक मंसूरी,बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के केहर सिंह मार्को,शारदा यादव एवं राज कुमार सिन्हा आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।



# अभाविप मंडला नगर की कार्यकारणी हुई घोषित

## प्राध्यापक आलोक सिंगौर नगर अध्यक्ष एवं प्रिंस सिंह बनें नगर मंत्री

मंडला यशोः- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला नगर की बैठक के दौरान नवीन कार्यकारणी घोषण की गई, बैठक में मु  य रूप से मु  य वक्ता निलेश कटारे आर एस एस विभाग प्रचारक प्रमुख, मु  य अतिथि सत्येंद्र पटवा, विभाग संगठन मंत्री रामाधार सिंह बैस, विभाग छात्रा प्रमुख शालिनी तिवारी जिला संयोजक वागीश पटेल, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण ठाकुर, समीर श्रीवास मु  य रूप से उपस्थित रहे।



मु  य वक्ता नीलेश कटारे के द्वारा आज के युग में युवाओं को किस दिशा की ओर काम करने की आवश्यकता है किस प्रकार से उनके पास चुनौतियां खड़ी हो रही है उससे कैसे निपटना है आदि विषय को लेकर बहुत ही संक्षिप्त रूप से मार्गदर्शक किया वहीं पर मु  य अतिथि सचिन पटवा के द्वारा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को मंडला नगर में महाविद्यालय में विद्यालय में किस प्रकार से युवाओं को एक दिशा देने का काम करना चाहिए कैसे काम को गति देना है उसको लेकर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। तत्पश्चात जिला संयोजक वागीश पटेल के द्वारा मंडला नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें जिसमे नगर अध्यक्ष प्राध्यापक आलोक सिंगौर, नगर मंत्री प्रिंस सिंह, नगर सह मंत्री मदन शाह परते,प्रखर श्रीवास,प्रकृति कच्छवाहा,शिवम सिंगौर, नगर कार्यालय मंत्री विवेक महेश्वरी,नगर कार्यालय सह मंत्री शौर्यन कच्छवाहा,नगर कोषाध्यक्ष विभोर अग्रवाल,सह कोषाध्यक्ष सार्थक बरामैया, नगर स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट प्रमुख हर्ष यादव,स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट सह प्रमुख याकूब धार्वे, शिवा कच्छवाहा,नगर स्टूडेंट्स फॉर सेवा प्रमुख देवेंद्र उईके, नगर स्टूडेंट्स फॉर सेवा सह प्रमुख सौरभ नंदा, शिवम चौरसिया, नगर राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख नियति पड़वार, नगर राष्ट्रीय कला मंच सह प्रमुख पलक मिश्रा,नगर क्रीड़ा प्रमुख संकल्प यादव,क्रीड़ा सह प्रमुख अनुराग धुर्वे,नगर स्टडी सर्किल प्रमुख सुजल कच्छवाहा,नगर स्टडी सर्किल सह प्रमुख अविनाश सोनी, तरुण पटेल, नगर तकनीकी कार्य प्रमुख अभय नंदा, नगर महाविद्यालय कार्य प्रमुख विक्की पटेल,नगर महाविद्यालय कार्य सह प्रमुख सार्थक श्रीवास, नगर विद्यालय कार्य प्रमुख विनायक शु ला, नगर विद्यालय कार्य सह प्रमुख माही ठाकुर, नगर छात्रावास कार्य प्रमुख शैलेश शैंद्राम ,नगर कार्यकारणी सदस्य राज पटेल, प्रिंस चौरसिया, पायल पटेल, टीनू कच्छवाहा को बनाया गया। तत्पश्चात विभाग मंत्री रामाधार सिंह संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दिए।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख नीलेश कटारे ,घंसौर महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष सतेंद्र पटवा ,विभाग संगठन मंत्री रामाधार सिंह बैंस ,विभाग छात्रा प्रमुख शालिनी तिवारी, मंडला जिला संयोजक वागीश पटेल प्रांत कार्यकारणी सदस्य छोटे ठाकुर पूर्व कार्यकर्ता मंगलेश चक्रवर्ती, गोलू ठाकुर , आनंद मरावी आदि की उपस्तिथि रही।

## कार्यालयों में आंचल कक्ष स्थापित करने के निर्देश

मंडला यशोः- म.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रत्येक कार्यालयों में आंचल कक्ष स्थापित करने अनुशंसा की गई है। जानकारी के अनुसार कार्यालय में कार्य करने वाली ऐसी महिलाऐं जिनके शिशु स्तनपान करते हैं, ऐसी माताओं को कार्यस्थल पर अपने शिशुओं को स्तनपान करवाने में असुविधा होती है। जिले के अंतर्गत कार्यालयों की ऐसी कर्मचारी महिलाऐं जिनके शिशु स्तनपान करते हैं, उनके स्तनपान की सुविधा हेतु कार्यालय परिसरों के आंचल कक्ष उपलब्ध कराए जाने की अनुशंसा की गई है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी कार्यालय प्रमुखों को पत्र जारी किया गया है।

## कूनो में "आशा" एवं "धीरा" दोनों चीते स्वस्थ

भोपाल। प्रधान मु  य वन संरक्षक श्री असीम श्रीवास्तव ने बताया है कि कूनो में मादा चीता ÷आशा÷ और ÷धीरा÷ का बोमा में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वर्तमान में दोनों स्वस्थ हैं। आगामी स्वास्थ्य परीक्षण तक दोनों चीतों को बोमा में ही रखा जायेगा।

# रजा स्मृति में दिख रहा है साहित्य और कला का अनोखा समागम

मंडला यशोः-रजा स्मृति में साहित्य और कला का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। एक तरफ लोग पेंटिंग कर अपनी कल्पना को साकार रूप दे रहे है वहीं दूसरी तरफ साहित्य की महफिल में चितन चल रहा है। दिन में कला और साहित्य की महफिल सज रही है तो शाम की सांस्कृतिक संध्या में भारतीय शास्त्रीय नृत्य देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को भी रजा स्मृति में बड़ी सं  या में लोग चित्रकारी करने पहुंचे। साहित्यकारों व कवियों ने भी पेंटिंग पर अपने हाथ आजमाएं। खासकर छातों पर पेंटिंग करने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इसमें महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। बच्चे में इसमें पीछे नहीं है वो पेंटिंग के साथ - साथ मिटटी की चीजे बनाने में भी खासा उत्साह




दिखा रहे है। इसके पूर्व गुरुवार की शाम रानू चंद्रौल द्वारा अपने एकल और समूह कथक नृत्य के दर्शकों को भावविभोर कर दिया। 22 जुलाई, शनिवार की शाम 6:00 बजे झंकार भवन में अनवेषा महंत द्वारा सत्रिय नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

पद्म विभूषण से स मानित विश्व वि  यात चित्रकार सैय्यद हैदर रजा की बाल भूमि व आराम स्थली मंडला में रजा न्यास द्वारा ''हिंदी कविता का रजा समारोह'' समावय के पहले दिन का आरंभ करते हुए रजा न्यास के प्रबंध न्यासी और हिंदी के वरिष्ठ कवि अशोक वाजपेयी ने कहा कि सैय्यद हैदर रजा को हिंदी उर्दू कविता में विशेष रुचि थी।वे भारत के ही नहीं बल्कि दुनिया के ऐसे पहले चित्रकार थे जिन्होंने कविता की पंक्तियों पर 100 से अधिक पेंटिंग बनाई थी। रजा ने तुलसी, कबीर से लेकर आधुनिक हिंदी कवियों, उर्दू शायरों गालिब, मीर और फैज जैसे अनेक कवियों की 100 से अधिक पंक्तियों पर पेंटिंग बनाई थी। रजा साहब भारतीय कलाओं के साथ - साथ साहित्य और अन्य कला माध्यमों में भी गंभीर रुचि लेते थे। अशोक वाजपेयी ने बताया कि सैय्यद हैदर रजा कविता के इतने प्रेमी थे कि मैं जब भी पेरिस जाता था और उनसे मिलता था, तब उनको हिंदी कविता की पुस्तकें भेंट करता था। एक बार भोपाल में कविता का आयोजन हुआ तो रजा अपनी डायरी में कविता की पंक्तियां नोट करते रहे।

हिंदी कवियों के रजा समारोह ''समवाय'' के बारे में बताते हुए अशोक वाजपेयी ने कहा कि मंडला चित्रकार सय्यद हैदर रजा की बाल भूमि रही है। सात साल पहले वे यहीं सुपुर्दे खाक हुए थे।इसलिए उनकी स्मृति में इस आयोजन का विशेष महत्व है।उनके जन्मशती वर्ष में हिंदी के पाँच पीढ़ियों के कवियों के कविता पाठ के इस समवाय का आरंभ कुछ पुस्तकों के लोकार्पण से हुआ। इस क्रम में रजा पुस्तकमाला के तहत प्रकाशित पहचान शृंखला की पुस्तकों का पुनर्प्रकाशन के लोकार्पण से हुआ। पहचान शृंखला में विनोद कुमार शु ल, सोमदत्त, ज्ञानेंद्रपति, शमशेर बहादुर सिंह, कमलेश श्रीराम वर्मा, विष्णु खरे आदि की किताबें है। इसमें अंतिम कवि विष्णु नागर थे, जो उस समय 24 वर्ष के थे। इस पुस्तक का लोकार्पण विष्णु नागर ने किया।

यह वर्ष रजा साहब के जन्मशती के



साथ साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत के मूर्धन्य कुमार गंधर्व के भी जन्मशती का वर्ष है। इस अवसर पर संगीत और कला माध्यम की पत्रिका स्वर मुद्रा के कुमार गंधर्व विशेषांक का लोकार्पण हुआ। यह पत्रिका लगभग बारह सौ पन्ने का बृहद अंक है। इस पत्रिका का लोकार्पण हिंदी के कवि प्रयाग शु ल और ऋतुराज जी ने किया। इस अंक का संपादन कवि पीयूष दईया ने किया है। इस अवसर पर रजा न्यास के उपक्रम प्रकाश वृत्ति के तहत प्रकाशित युवा कवि प्रिया वर्मा के कविता संकलन स्वप्न के बाहर पाँव का लोकार्पण कवि प्रिया वर्मा और हिंदी के कवि असंगघोष द्वारा किया गया। ध्यातव्य है कि प्रकाश वृत्ति द्वारा युवा लेखकों के पहले पुस्तक का प्रकाशन किया जाता है और प्रिया वर्मा का संग्रह इस शृंखला में बारहवां है।

इस अवसर पर उदयन वाजपेयी द्वारा संपादित ' समास 'पत्रिका के 24 वें अंक का लोकार्पण भी किया गया। इसके बाद समवाय के कविता पाठ का सत्र आरंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन पांच सत्रों में पार्वती तिर्की, अनुज लुगुन, वाजदा खान, असंगघोष, ध्रुव शु ल, पूनम अरोड़ा, नीलेश रघुवंशी, अनुपम सिंह, कृष्ण मोहन झा, सतीश जायसवाल, वियोगिनी ठाकुर, नूर आलम नूर, पंकज चतुर्वेदी, कुमार मंगलम, प्रयाग शु ल, अणुशक्ति सिंह, पीयूष दईया, वीरू सोनकर, सोनी पांडेय, पन्ना त्रिवेदी, काफिर, बाबुषा कोहली, गीत चतुर्वेदी और अष्टभुजा शु ल ने कविता पाठ किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297